03/12/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

संचार साथी ऐप की बढ़ती स्वीकार्यता को देखते हुए, सरकार ने मोबाइल बनाने वालों के लिए इस ऐप को पहले से इंस्टॉल करना ज़रूरी नहीं करने का फ़ैसला किया है। सरकार ने यह भी साफ़ किया कि लोग जब चाहें ऐप को अपने फोन से हटा सकते हैं क्योंकि ऐप में यूज़र्स की सुरक्षा के अलावा कोई दूसरा फ़ंक्शन नहीं होता है। संचार मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अब तक 1.4 करोड़ यूज़र्स ने यह ऐप डाउनलोड किया है और हर दिन 2000 धोखाधड़ी की घटनाएं रिपोर्ट हो रही हैं।

0000000000000000000000

मेघालय सरकार और भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत इंडिया-AI मिशन द्वारा संयुक्त रूप से आज, रीजनल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस 2025 का आयोजन आज शिलोंग स्थित स्टेट कन्वेंशन सेंटर में किया गया। कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए, केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि, “इस कॉन्फ्रेंस में, AI इम्पैक्ट समिट के तीन सूत्र पीपल, प्लेनेट एण्ड प्रोग्रेस पर ध्यान कैंद्रित किया जाएगा।”

केंद्रीय मंत्री ने देश में AI के विकास पर केंद्र सरकार के मिशन पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि, सरकार का लक्ष्य भविष्य में नौकरी के लिए लगभग 1 मिलियन लोगों को AI स्किल्स में ट्रेन करना है। कुल मिलाकर, यह पक्का करना है कि देश के हर हिस्से तक इस नई टेक्नोलॉजी की पहुंच हो।

0000000000000000000000

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कल नई दिल्ली में पर्यटन पर हाई-लेवल टास्क फोर्स की चौथी बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा है कि, नॉर्थ ईस्ट भारत का सांस्कृतिक और प्राकृतिक शक्ति है, और भारत के सबसे आकर्षक टूरिज्म फ्रंटियर्स में से एक बनने की कगार पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने समुदायों और व्यापक अर्थव्यवस्था के लिए लॉंग-टर्म वैल्यू अनलॉक करने के लिए अंतिम मील तक कनेक्टिविटी, एकीकृत योजना और स्थिरता-संचालित विकास पर ज़्यादा ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने नॉर्थ ईस्टर्न रीजन के सभी बड़े त्योहारों को हाईलाइट करने के लिए सालाना कैलेंडर बनाने पर भी ज़ोर दिया ताकि इस इलाके के बारे में ज़्यादा से ज्यादा जागरुक्ता को बढ़ावा दिया जा सके। इस बैठक में राज्य के पर्यटन मंत्री पासांग दोरजी सोना भी मौजूद रहें।

0000000000000000000000

आज पूरे राज्य में अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। नाहरलागुन में, “मेरी काबिलियत मेरी विकलांगता से ज़्यादा मज़बूत है” थीम पर मनाया गया। गुवाहाटी में आयोजित, दूसरे नॉर्थ ईस्ट पैरा गेम्स 2025 के विजेताओं को राज्य के लिए पैरा-स्पोर्ट्स में उनकी उपलब्धियों और योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। यह इवेंट पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ़ अरुणाचल, ISSE समग्र शिक्षा समावेशी शिक्षा पापुम पारे और डिपार्टमेंट ऑफ़ सोशल जस्टिस, एम्पावरमेंट एंड ट्राइबल अफेयर्स के सहभागिता से आयोजित किया। इसी तरह, ईस्ट सियांग ज़िले के पासीघाट स्थित दिकिंग में भी NGO एच -स्प्रिंग फाउंडेशन द्वारा इस विशेष दिन का आयोजन किया गया। इसमें SFS स्कूल, सियांग रॉयल एकेडमी और दायिङ इरिङ मेमोरियल गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक एवं छात्रों ने हिस्सा लिया।

0000000000000000000000

परम पावन छठे दलाई लामा ग्यालवा सांगयांग ग्यात्सो के सांस्कृतिक एवं एतिहासिक महत्व पर आधारित एक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आज शुरू हुई। जिसका उद्देश्य तवांग जिले में उनकी विरासत की गहराई से जांच करना है। यह कॉन्फ्रेंस राज्य के कार्मिक एंड अध्यात्मिक अफेयर्स, विभाग, थुबटेन शेराब्लिंग फाउंडेशन और सेंटर फॉर कल्चरल रिसर्च एंड डॉक्यूमेंटेशन के सहभागिता से आयिजित किया जा रहा। चार दिवसिय कॉन्फ्रेंस का समापन आगामी 6 दिसम्बर को होगी।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कल बिहार के गया जिले के बोधगया में 20वें इंटरनेशनल तिपिटाका चैंटिंग सेरेमनी में भाग लिया। इस मौके पर, उन्होंने अरुणाचल प्रदेश को हिमालय का धम्म केंद्र बताया, जहाँ महायान और थेरवादा बौद्ध धर्म दोनों फल-फूल रहे हैं। उन्होंने कहा, अरुणाचल प्रदेश बुद्ध की शिक्षाओं को भक्ति के साथ संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

0000000000000000000000

कल ईस्ट सियांग ज़िले के पासीघाट में DC कॉन्फ्रेंस हॉल में ईस्ट सियांग डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर और म्युनिसिपल इलेक्शन ऑफिसर ने पंचायती राज और पासीघाट म्युनिसिपल काउंसिल इलेक्शन के उम्मीदवारों के लिए दो सेंसिटाइज़ेशन-कम-ब्रीफिंग सेशन का आयोजन किया। PR सेशन में, रिटर्निंग ऑफिसर पेबिका लेगो ने सभी उम्मीदवारों से मॉडल कोड ऑफ़ कंडक्ट की गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करने और पूरे ज़िले में PR इलेक्शन को आसानी से कराने के लिए पोलिंग अधिकारियों के साथ सहयोग करने की अपील की। इससे पहले PMCE सेशन में, म्युनिसिपल उम्मीदवारों को पोलिंग प्रोसेस, खर्च की गाइडलाइंस, तय रजिस्टर, ज़रूरी फ़ॉर्म और दूसरे कानूनी निर्देशों से परिचित कराने में मदद मिली।

0000000000000000000000

नवंबर 2026 में मेचुखा भारत और एशिया के एकमात्र एडवेंचर रेसिंग वर्ल्ड सीरीज़ क्वालीफायर (ARWS -Q) की मेजबानी करेगा। इस कार्यक्रम की मेजबानी अरुणाचल पर्यटन विभाग द्वारा की जाएगी और एडवेंचर रेसिंग वर्ल्ड सीरीज़ (ARWS) के तहत एन्थ एडवेंचर द्वारा आयोजित की जाएगी, जिसमें मेचुखा रेस बेस के रूप में कार्‍य करेगा।

0000000000000000000000